हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 27 अप्रैल 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



## खबर संक्षेप

### साइबर सेल प्रभारी समेत दो प्रधान आरक्षकों का जिले से बाहर तबादला

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले के कुमेली घाट जुआ प्रकरण में दो दिन पूर्व लाइन हाजिर किए गए साइबर सेल प्रभारी एएसआई राकेश यादव एवं दो प्रधान आरक्षक आनंद सिंह व उदय सिंह को आईजी ने जिले से बाहर तबादला कर दिया है। 24 अप्रैल को आईजी कार्यालय से जारी आदेश में सूरजपुर जिले के पूर्व साइबर सेल प्रभारी रहे राकेश यादव को सूरजपुर से जिला जशपुर, प्रधान आरक्षक क्रमांक 50 आनंद सिंह को सूरजपुर से जिला बलरामपुर एवं प्रधान आरक्षक क्रमांक 165 उदय सिंह को सूरजपुर से जिला एमसीबी स्थानांतरित किया गया है। उक्त तबादला आदेश प्रशासनिक आधार पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यंत तक स्थानांतरित किए जाने का उल्लेख किया गया है। साथ ही आदेश में सूरजपुर एसएसपी को उपरोक्त कर्मियों को नवीन पदस्थापना स्थल के लिए तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर अवगत कराने निर्देशित किया गया है।

### स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक संघ ने विवादित प्रदेश उपाध्यक्ष को हटाया

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने उत्तरदायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के मामले में सरगुजा क्षेत्र के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश जायसवाल को उनके पद से हटा दिया है। संगठन ने पूर्व उपाध्यक्ष को अपने निजी वाहन में लगाए गए प्रदेश उपाध्यक्ष का बोर्ड तत्काल हटाने का निर्देश दिया है साथ ही उनके किसी भी कार्य या वक्तव्य के लिए उत्तरदायी नहीं होने का उल्लेख किया है। मालूम हो कि कुछ दिनों पूर्व युवकों ने आपत्तिजनक स्थिति में उन्हें पकड़ा था तथा जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप उनके विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की थी। सोशल मीडिया में घटना वायरल होने पर संगठन ने संविदा शिक्षक को प्रदेश उपाध्यक्ष पद से हटा दिया है।

### अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की कार्यकारिणी का किया गया विस्तार

**राजपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक वाड्रफनगर में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष ममता यादव, प्रदेश सचिव हरिहर प्रसाद यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव, राजकुमार यादव, संभागीय अध्यक्ष परमानंद यादव तथा युवा प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी यादव उपस्थित रहे।प्रदेश पदाधिकारियों की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष ब्यासमुनि यादव एवं कार्यकारी अध्यक्ष रामाधार यादव ने वाड्रफनगर विकासखंड की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। विजेंद्र यादव को ब्लॉक अध्यक्ष, आलोक यादव को युवा प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष, लाल बहादुर यादव को कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा संजीव यादव एवं गिरवर यादव को जिला उपाध्यक्ष, अर्जुन यादव, पीतांबर यादव एवं उपेंद्र यादव को जिला महामंत्री तथा मुरारी यादव एवं शिवशंकर यादव को वाड्रफनगर विकासखंड संरक्षक बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संभागीय उपाध्यक्ष के रूप में चंद्रशेखर उर्फ बाबर यादव एवं अखंड यादव को नियुक्त किया गया हैं वहीं युवा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप यादव को नियुक्त किया गया हैं तथा रमेश यादव दलधोवा को बलरामपुर संरक्षक नियुक्त किया गया। बैठके दौरान महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष द्रौपदी यादव, जिला संरक्षक राम बिहारी यादव, श्यामधारी यादव, सुनेश्वर यादव, अखिलेश यादव, राधेश्याम यादव, अश्वनी यादव, अमित यादव, कामख्या यादव, राजधान यादव, उमा शंकर यादव, दयाली यादव, डीपी यादव, महेंद्र यादव, केदार यादव, भूतनाथ यादव, विद्याधर यादव, शुभम यादव, दीपक यादव, ठेकेदार बासदेव यादव, शोभचंद यादव, रामप्यारे यादव, रामनाथ यादव सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

### वाहन की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** कुनकुरी थाना अंतर्गत ग्राम खजूर बहार निवासी संजय एक्का आ. स्व. बेलजामिन एक्का (35 वर्ष) गुरूवार को तपकरा अंतर्गत ग्राम मकसपाली निवासी बहर के ससुराल गया था। दूसरे दिन बाइक से अकेल घर वापस लौटने लगा और जैसे ही खजूर बहार और रेमते के बीच नदी के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार मौके पर ही अचेत हालत में पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को संजीवनी 108 वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### गर्मी से लोग हलाकान सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**सोनहत।** क्षेत्र में पिछले दो-तीन दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सुबह 9 बजे के बाद ही तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। दोपहर होते-होते सड़कें सुनसान नजर आने लगती हैं और बाजारों व प्रतिष्ठानों में भी सन्नाटा पसरा रहता है। बढ़ते तापमान के कारण आमजन की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। लोग बेहद जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी का असर इतना अधिक है कि दोपहर के समय सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की आवाजाही लगभग थम सी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ती गर्मी ने परेशानी बढ़ा दी है। खासकर बुजुर्ग, बच्चे और मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। दोपहर के समय लोग घरों में ही रहने को मजबूर हैं, वहीं ठंडे पेयजल और छांव की तलाश बढ़ गई है। मौसम के तेवर देखते हुए लोगों ने प्रशासन से पेयजल व्यवस्था और राहत के उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है।

## नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियां, कर रहे राशि का दुरूपयोग

# ग्राम पंचायत खोरमा में चेकडेम के नाम पर बड़ा खेल, एक ही नाला में 3 चेकडेम का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- ग्रामीणों में भारी आक्रोश, जांच की मांग

ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की आय बढ़ाने, जल संरक्षण को मजबूत करने और समग्र विकास को गति देने में चेक डेम अहम भूमि का निभाते हैं। ग्राम पंचायत के किसानों को खेती किसानी के लिए पानी उपलब्ध हो इस उद्देश्य से प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत स्थित नाला में चेक डेम का निर्माण कराया जाता है जिसका लाभ किसानों को मिल सके। हैरानी की बात तो यह है कि ग्राम पंचायत खोरमा स्थित एक नाला में ही महज कुछ कुछ दूरी में तीन चेक डेम का निर्माण कराया जा रहा है। ऐसे में न सिफ नियमों का खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है बल्कि चेक डेम के नाम पर मिलने वाली राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है।

जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खोरमा में मनरेगा योजना के तहत पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों भारी गड़बड़ी करने का मामला सामने आया है। अन्य पंचायत की भांति ग्राम पंचायत खोरमा कोसम नाला में चेक डेम निर्माण किया गया है। हैरानी की बात तो यह है कि नियमों को दरकिनार कर एक ही नाला में तीन-तीन चेकडैम का निर्माण कराया जा रहा है।जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि यदि एक नाला में एक चेकडैम का निर्माण हो चुका है, तो दूसरा निर्माण कम से कम 500 मीटर की दूरी पर ही किया जा सकता है। लेकिन खोरमा पंचायत में नियम को ताक पर रख दिया गया है। मात्र 200-200 मीटर की दूरी पर तीन अलग-अलग नामों से चेक डैम निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यह मामला केवल तकनीकी उल्लंघन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता की आशंका भी जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार और जल संरक्षण के स्थायी साधन उपलब्ध कराना है, उसे निजी स्वार्थ और लाभ के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में सरपंच की बजाय सरपंच पति ही सभी निर्णय लेते हैं और पंचायत में लंबे समय से सरपंच पति का दबदबा बना हुआ है, जिससे न केवल नियमों की अनदेखी हो रही है, बल्कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता भी प्रभावित हो रही है।



निर्माणाधीन चेकडेम।

### उप सरपंच ने की सीईओ से शिकायत

उपसरपंच संदीप रजक द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपे गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि कोसम नाला में नियमों को दरकिनार कर एक ही नाला में तीन-तीन चेकडैम का निर्माण कराया जा रहा है। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि यदि एक नाला में एक चेकडैम का निर्माण हो चुका है, तो दूसरा निर्माण कम से कम 500 मीटर की दूरी पर ही किया जा सकता है। लेकिन खोरमा पंचायत में यह नियम के विरूद्ध मात्र 200-200 मीटर की दूरी पर तीन अलग-अलग नामों से चेक डैम निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उपसरपंच संदीप रजक ने मामले की निष्पक्ष जांच दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

#### आंदोलन की चेतावनी

एक ही नाला में महज कुछ कुछ दूरी में तीन चेकडैम का निर्माण किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि इस पूरे घटनाक्रम ने जनपद पंचायत प्रतापपुर की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं और खुलेआम नियमों का उल्लंघन हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो वे जन आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

#### किया जाएगा निरीक्षण

एक ही नाला में कुछ दूरी पर तीन चेक डेम बनाया जा रहा है तो गलत है। जगह का निरीक्षण किया जाएगा। गलत पाए जाने पर कार्य दूसरे जगह कराई जाएगी।

-निर्मल श्याम सिंह
जनपद पीओ



## प्रहलाद प्रसंग से गूंजा कथा पंडालः श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस भक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

बड़सरा साहू समाज द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन कथा स्थल पर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित हुए। कथावाचक पंडित रविंद्र दुबे ने अपने प्रवचन से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

तीसरे दिन की कथा में पंडित दुबे ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के साथ-साथ भक्त प्रहलाद के प्रेरणादायक प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि प्रहलाद ने विपरीत परिस्थितियों में भी भगवान विष्णु की भक्ति नहीं छोड़ी। अत्याचारी पिता हिरण्यकश्यप द्वारा अनेक यातनाएं दिए जाने के बावजूद प्रहलाद अडिग रहे और अंततः भगवान ने नरसिंह अवतार लेकर अपने भक्त की रक्षा की। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि सच्ची भक्ति में अटूट विश्वास और धैर्य होना चाहिए, तभी ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। कथावाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा हमें जीवन के हर संकट में ईश्वर पर विश्वास बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उन्होंने लोगों से अहंकार, लोभ और क्रोध का त्याग कर भक्ति मार्ग अपनाने की बात कही। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, मनोज साहू, मितेश साहू, राम साहू, ओम प्रकाश साहू,अरविंद साहू,वीरेंद्र साहू,शोभा साहू गोविंद साहू सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस व विपक्षी दलों ने महिलाओं से किया विश्वासघात : सिसोदिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- भाजपा का संकल्प 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाकर रहेंगे, कांग्रेस व गठबंधन दलों पर महिला विरोधी राजनीति का आरोप

नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम को लोकसभा में पारित नहीं होने देने को लेकर प्रेस को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया व महापौर मंजूषा भगत ने कांग्रेस एवं इण्डी गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने इसे देश की महिलाओं के साथ "विश्वासघात" बताते हुए कहा कि इसका राजनीतिक परिणाम विपक्ष को भुगतना पड़ेगा।

प्रेस को संबोधित करते हुए महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि भाजपा हर बाधा को दूर कर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। दिव्या सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में लाया गया यह अधिनियम महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33% प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम था। देशभर की महिलाओं में इसे लेकर उत्साह था, लेकिन कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक और समाजवादी पार्टी के विरोध के कारण यह साकार नहीं हो सका। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने परिसीमन, धर्म आधारित आरक्षण और क्षेत्रीय विवाद जैसे मुद्दे उठाकर विधेयक में बाधा उत्पन्न की। सिसोदिया ने कहा कि यह देश की 70 करोड़ महिलाओं का अपमान है, जिसे देश की मातृशक्ति कभी माफ नहीं करेगी। प्रेसवार्ता के दौरान एमआईसी सदस्य श्वेता गुप्ता, पार्षद किरण साहू, प्रियंका चौबे, नीलू गुप्ता, सरस्वती यादव, जातीन परमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### लखनपुर अस्पताल में सप्ताह में एक दिन चर्म रोग विशेषज्ञ देंगे सेवाएं

**लखनपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएस.मार्को के निर्देश पर लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के त्वचा संबंधी रोगों के लिए डॉ. पीके.सिन्हा डीएचओ,डीएलओ अब लखनपुर के ओपीडी में त्वचा संबंधी रोगों के निदान के लिए महीने में एक दिन अपनी सेवाएँ देंगे। जहां त्वचा संबंधी रोगों का निदान करेंगे।सीएमएचओ के निर्देश पर चिकित्सक श्री सिन्हा ने आज से लखनपुर में महीने में एक दिन के लिए अपनी सेवाएं देना सुनिश्चित किया है। डॉक्टर की उपलब्धता से अब त्वचा से संबंधित बीमारियों के लिए लोगों को अंबिकापुर नहीं जाना पड़ेगा तथा उन्हें अपने रोगों का त्वरित निदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में ही सहजता से उपलब्ध हो पाएगा।



## सुशासन तिहार को लेकर समीक्षा बैठक, योजनाओं पर विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत शंकरगढ़ के जनपद सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।


एसडीएम अनमोल टोप्पो द्वारा सभी अधिकारी, कर्मचारी, सचिव एवं सरपंचों के साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। समीक्षा के दौरान भूमि संबंधी प्रकरण, मनरेगा के लंबित मजदूरी भुगतान, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं पेयजल समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत, पेंशन योजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं, आंगनबाड़ी, स्वच्छता एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में तहसीलदार दानिश परवेज, जनपद पंचायत सीईओ वेदप्रकाश पाण्डेय, खंड शिक्षा अधिकारी इस्माइल खान एवं खंड चिकित्सा अधिकारी आफताब अंसारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा देश में कांग्रेस व विपक्ष को महिला आरक्षण विरोधी बता कर रही दुष्प्रचार : अम्बिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला आरक्षण की आड में परिसीमन विधेयक पारित करने के उद्देश्य में विफल भाजपा द्वारा देश में कांग्रेस सहित विपक्ष को महिला आरक्षण विरोधी घोषित करने का दुष्प्रचार किया जा रहा है। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में बैकुंठपुर की पूर्व विधायक श्रीमती अम्बिका सिंहदेव ने प्रेस वार्ता के दौरान कही।

प्रेसवार्ता में उन्होंने यह जानकारी दी कि संसद एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिलाओं के आरक्षण का बिल सितंबर 2023 में कांग्रेस के सहयोग से एनडीए की मोदी सरकार ने पारित करा लिया था, लेकिन इसे लागू नहीं किया। तब सरकार ने यह तर्क दिया कि नई जनगणना के उपरांत, परिसीमन कर इसे वर्ष 2034 में लागू किया जाएगा। तब कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने महिलाओं को आरक्षण देने के सरकार के इस टाल-मटोल वाले रवैये की आलोचना करते हुए इसे तत्काल लागू करने एवं इसे लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों पर लागू करते हुए 181 सीटों को महिलाओं के लिए रिजर्व करने की मांग की थी, जिसपर कांग्रेस आज भी कायम है। सितंबर 2023 में महिला आरक्षण को लेकर पारित इस बिल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर के उपरांत यह कानून में बदल चुका है, लेकिन भाजपा ने शर्तें जोडकर महिला आरक्षण को उस पोस्ट-डेटेड चेक में बदल दिया है जो कभी भुनाया ही नहीं जा सकेगा। श्रीमती अम्बिका सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस के प्रयासों का फल है कि देश में आज बड़ी संख्या में नारी शक्ति राजनीतिक भागीदारी दे रही है। महिलाओं को मताधिकार, पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में महिला आरक्षण सहित संसद एवं विधानसभाओं मौजूदा महिला आरक्षण की नीव कांग्रेस द्वारा ही रखी गई और हम तत्काल ही इसे सरकार से लागू करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की मंशा महिला आरक्षण की आड में मनमाफिक परीसीमन लागू कर देश में तानाशाही स्थापित करने का था। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, निगम में नेता प्रतिपक्ष शफ़ी अहमद, पीसीसी महामंत्री, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, विनीत विशाल जायसवाल,महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा सोनी, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती संध्या रवानी, श्रीमती गीता प्रजापति, श्रीमती सरला सिंह, प्रीति सिंह, शकीला सिद्दकी मौजूद रही।



## बाइक चोरी कर आग लगाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**राजपुर।** घर के आंगन से युवक ने न सिर्फ बाइक चोरी किया बल्कि महान नदी के बीच ले जाकर आग के हवाले कर दिया। बाइक मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम चिलमा कला निवासी जय सिंह आ. मिठू राम चेरवा (36 वर्ष) हर रोज की भांति 21 अप्रैल की रात अपनी बाइक क्रमांक सीजी 30 सी 2167 को घर के आंगन में खड़ा कर आंगन में ही खाट लगा कर सो गया। इसी बीच देर रात चोरों ने बाइक को पार कर महान नदी के बीच ले जाकर तोड़ फोड़ कर आग के हवाले कर दिया। पीड़ित जय सिंह ने घटना की रिपोर्ट राजपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2), 326(एफ) के तहत अपराध दर्ज किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, गवाहों के बयान दर्ज किए तथा मुखबिरों से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही की पहचान की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पस्ता अंतर्गत ग्राम भेंडरी निवासी आरोपी अजय कुमार चेरवा (23 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपराध करना स्वीकार कर लिया। उसके कब्जे से जली हुई बाइक बरामद कर जब्त कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) एवं 326(एफ) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



## मानसून पूर्व नालियों की सफाई के लिए शुरू किया गया अभियान

- हर वार्ड की नालियों की होगी साफ-सफाई


**अम्बिकापुर।** बरसात में होने वाले जलभराव से राहत के लिए ननि ने मानसून पूर्व शहर के नालियों की साफ-सफाई का अभियान शनिवार को प्रारंभ किया। नालियों की सफाई के लिए ननि ने 15 कर्मचारियों की टीम गठित की है। जो चिन्हांकित नाली-नाले की सफाई करेंगे।बरसात में हर साल निचली बस्तियों में जलभराव होता है वहीं बरसाती पानी का सही तरीके से निकासी नहीं होने के कारण वार्डों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात में शहर में कहीं भी जलभराव की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए नगरीय प्रशासन मंत्री ने ननि प्रशासन को नाला-नालियों की सफाई कराने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था 31 मई के पूर्व कराने के निर्देश दिए थे। निर्देश पर ननि द्वारा शनिवार को सफाई अभियान की शुरूआत की गई। ननि द्वारा बड़े नालों की पहचान कर उनकी सफाई पोकलेन एवं जेसीबी से जबकि सेकेण्डरी एवं नर्सरी नालियों की सफाई विशेष टीम से कराने का निर्णय लिया गया है। कबीर वार्ड स्थित हनुमान मंदिर के पास की नाली की सफाई भी की गई। आयुक्त डीएन कश्यप ने बताया कि नालियों की साफ-सफाई का अभियान लगातार 15 दिनों तक चलाया जाएगा तथा ननि क्षेत्र के सभी वार्डों की नालियों की अच्छी तरह सफाई की जाएगी। इस दौरान आयुक्त, पार्षद, स्वच्छता विभाग के प्रभारी सदस्य सहित ननि के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## दूषित पेयजल आपूर्ति से नगरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर में विगत लंबे समय से हो रहे दूषित पेयजल आपूर्ति से लोग काफी परेशान है।लोगों ने दूषित पेयजल की वजह से होने वाली समस्याओं से नगर पंचायत को अवगत करा इसमे सुधार की मांग की थी। लेकिन नगर पंचायत द्वारा आश्वासन के बाद भी पेयजल आपूर्ति में सुधार नहीं होने से लोगों में काफी नाराजगी है। इस संबंध में भाजयुमो ने नपं अध्यक्ष से मुलाकात कर दूषित पेयजल समस्या निजात दिलाने की तथा दूषित पेयजल की जगह स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करने की मांग की ताकि लोगों को दूषित जल से मुक्ति मिल सके।

विदित हो कि नगर में होने वाली पेयजल आपूर्ति सप्लाई में खराबी आने के कारण घरों में दूषित पेयजल की आपूर्ति हो रही है। यह समस्या काफी लंबे समय से बनी हुई है जिसे लेकर लोगों ने कई बार नगर पंचायत को अवगत कराया। जिस पर नगर पंचायत ने समस्या को दूर करने काफी कोशिश की पर सफलता नहीं मिली। जिसकी वजह से घरों में दूषित पेयजल की आपूर्ति निरंतर बनी रही। दूषित जल की वजह से होने वाली बीमारियों से बचने मजबूरी में लोग पानी खरीदकर पीने को मजबूर है। नगरवासी चाहते थे कि इस समस्या का ठोस उपाय हो लेकिन नगर पंचायत समझ नहीं पा रही थी ये समस्या कहा से उत्पन्न हुई है। क्योंकि दशकों पहले पानी सप्लाई के लिए बिछाए गए पाइपलाइन के ऊपर कई जगह नाली और सड़के बन चुकी है। जिसकी वजह से दूषित पानी का कारण खोज पाना काफी मुश्किल काम था। इसके बाद भी नगर पंचायत ने काफी प्रयास किया पर सफलता नही मिली। लोग मजबूरी में दूषित पानी पी रहे थे जो सेहत के लिहाज से काफी नुकसानदेह है। कुछ दिनों पहले गंदे पानी के साथ पाइपलाइन के जरिये केंचुआ भी घरों में पहुँचने लगा था।जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था और लोगों ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।



### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम जरहाडीह निवासी घुरन राम आ. टोरी (45 वर्ष) सोमवार को परिवार के सदस्य गांव में शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घूरन राम ने घर में रखे कीटनाशक को पी लिया और डिब्बा को हाथ में पकड़ कर रखा था। इसी बीच भतीजा श्याम घर पहुंचा तो चाचा के हाथ में कीटनाशक का डिब्बा व चाचा की तबीयत बिगड़ते देख घटना की सूचना परिजन को दी। घटना की जानकारी लगने पर परिजन तत्काल घर पहुंचे और घूरन को रघुनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 27 अप्रैल 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
वित मंत्री ने किया लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन



## खबर संक्षेप

### नागरिकों की जानकारी रहेगी पूरी तरह गोपनीय

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में आगामी भारत की जनगणना 2027 को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जनगणना में नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रहेगी तथा इसका उपयोग केवल विकास योजनाओं के निर्माण के लिए किया जाएगा। यह जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि भविष्य की योजना का आधार स्तंभ है। इस बार प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी, जिससे डेटा संग्रह अधिक सटीक और पारदर्शी बनेगा। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत नागरिकों की जानकारी किसी भी पुलिस जांच, आयकर या अन्य कार्यवाही में उपयोग नहीं की जा सकती। डॉ कन्नौजे ने कहा कि जनगणना को दो चरणों में संपन्न किया जाएगा। पहला चरण मकान सूचीकरण का होगा, जो 1 मई से 30 मई 2026 तक चलेगा। इसके तहत लगभग 33 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें घर की स्थिति, पेयजल, बिजली, शौचालय और अन्य सुविधाओं की जानकारी शामिल होगी। मुख्य जनगणना फरवरी 2027 से शुरू होकर मार्च 2027 तक पूरी की जाएगी, जिसमें करीब 33 प्रश्नों के माध्यम से नागरिकों की सामाजिक आर्थिक स्थिति का आंकलन किया जाएगा।

### पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में लोगों को मिला लाभ

**सारंगढ़।** आंगनबाड़ी केंद्र कोतरी में पोषण पखवाड़ा 2026 का समापन कार्यक्रम विगत दिवस किया गया। इस अवसर पर ईसीसीई कार्यक्रम, पालक सम्मेलन, गोद भराई, अन्नप्राशन, न्योता भोज एवं आधार पंजीयन कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे, शिक्षा शर्मा डिप्टी कलेक्टर, किशन टंडन क्रांति जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं उत्तम प्रसाद जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी शामिल हुए। समापन कार्यक्रम के दौरान बच्चों के समग्र विकास हेतु ईसीसीई गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया तथा अभिभावकों को पोषण, स्वास्थ्य एवं बाल विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

### दुष्कर्म का आरोपी 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार




**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को महज 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने महिला से करीब डेढ़ साल तक शादी का झांसा देकर शोषण किया है। जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय युवती ने 22 अप्रैल को ग्राम सराईडीपा निवासी 22 वर्षीय युवक पृथ्वीराज चौहान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि दोनों के बीच करीब डेढ़ साल से प्रेम संबंध था। इसी दौरान आरोपी ने शादी का भरोसा दिलाकर पहली बार शारीरिक संबंध बनाया और फिर लगातार विवाह का झांसा देकर उसका शोषण करता रहा। जब उसने आरोपी को अपने गर्भवती होने की जानकारी दी और शादी के लिए कहा, तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया। बार.बार कहने के बावजूद आरोपी के मुकर जाने पर पीड़िता को ठगी और शोषण का एहसास हुआए जिसके बाद उसने परिजनों की सलाह पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### स्टेट हाईवे का बनकोम्बो सारंगडांड़ बना मौत का मोड़

# अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटा ट्रेलर, ग्रामीणों ने बचाई चालक की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



चराईडांड़ बतौली स्टेट हाईवे का बनकोम्बो सारंगडांड़ हिस्सा मौत का मोड़ बन चुका है, जहां हर गुजरने वाला पहिया खतरे के साये में चलता है। बीती रात करीब साढ़े 9 बजे एक बार फिर इस खतरनाक अंधे मोड़ पर बोकारो से सरिया लोड कर अनूपपुर जा रहा ट्रेलर क्रमांक जेएच 9 बीएन 2366 अचानक मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया।

हादसे की आवाज इतनी जोरदार थी कि आसपास के घरों में दहशत फैल गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने देखा कि ट्रेलर का अगला हिस्सा बुरी तरह दब चुका था और चालक उसी में फंसा जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा था। ग्रामीणों ने बिना देर किए जान जोखिम में डालकर राहत कार्य शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद ड्राइवर को बाहर निकाला। तुरंत नारायणपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई। अगर कुछ मिनट और देरी होती, तो यह हादसा जानलेवा साबित हो सकता था। स्थानीय लोगों के मुताबिक सारंगडांड़ का यह "अंधा मोड़" हर महीने 2 से 4 हादसों का गवाह बन रहा है। कई परिवार इस मोड़ की वजह से अपनों को खो चुके हैं, लेकिन सिस्टम अब भी खामोश है। यहां न तो कोई चेतावनी बोर्ड है, न ही स्पीड कंट्रोल की कोई व्यवस्था यानी सड़क पर चलता हर वाहन खुद अपनी किस्मत के भरोसे है।

#### कब जागेगा विभाग

लोगों का कहना है कि बनकोम्बो से नारायणपुर कपरीनाला तक 3 से 4 खतरनाक ओर अंधा मोड़ है विभाग की लाफ़रवाही इतनी चरम पर है कि कंन्ही भी चेतावनी के सांकेतिक बोर्ड नही लगाया गया है। सारंगडाँड़ में अगर समय रहते इस "अंधा मोड़" पर पेड़ों की छंटाई कर दी जाए, दोनों ओर बड़े-बड़े चेतावनी के संकेतक बोर्ड लगा दिए जाएं तो 95% हादसे रोके जा सकते हैं। लेकिन सवाल यही है कि आखिर विभाग कब जागेगा?

#### फिर एक नए हादसे का इंतजार

फिलहाल, सारंगडांड़ का यह मोड़ हर दिन एक नए हादसे का इंतजार करता नजर आ रहा है और हर गुजरती गाड़ी के साथ दहशत भी दौड़ रही है। अब देखना यह है कि जिम्मेदारों की नींद कब टूटती है या फिर किसी बड़े हादसे के बाद ही चेतना आएगी।

#### संकेतक नहीं

मोड़ की सबसे खतरनाक बात यह है कि इसके एक छोर में घने और ऊंचे पेड़ खड़े हैं, जो पूरी तरह दृश्यता को खत्म कर देते हैं। सामने से आ रही गाड़ी आखिरी पल में नजर आती है और तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। चालक के पास न संभलने का मौका होता है, न बचने का रास्ता और बस एक झटके में सब कुछ खत्म!

#### ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीणों का गुस्सा अब साफ दिखने लगा है। सरपंच सहित अन्य स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार सम्बंधित विभाग के कर्मचारियों को शिकायत करने के बावजूद विभाग ने न तो पेड़ों की छंटाई कराई और न ही चेतावनी संकेतक लगाए। हर हादसे के बाद सिर्फ अफसोस जताया जाता है, लेकिन जमीनी कार्रवाई शून्य है।

## जल संरक्षण के लिए साव से मिली प्रियंवदा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ उप मुख्यमंत्री ने दिया सहयोग का आश्वासन

आने वाली पीढ़ी को भीषण जल संकट से बचाने के लिए जल संरक्षण आवश्यक है। इसके लिए शहर के नदी-नालों सहित पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षित करना आवश्यक है। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियवंदा सिंह जूदेव ने उक्त बातें उप मुख्यमंत्री अरूण साव से मुलाकात के दौरान कही। वे उप मुख्यमंत्री साव से रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में मुलाकात करने पहुंची थी। उन्होंने उप मुख्यमंत्री को बताया कि हाल में जल संरक्षण के लिए उन्होनें शहर के बुद्विजीवियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया था,इसमें सभी ने शहर में बढ़ते जल संकट पर चिंता जताते हुए,एकजुट हो कर काम करने की इच्छा जताई है। प्रियंवदा ने बताया कि इस बैठक में शहरवासियों ने नगर की जीवन रेखा कहलाने वाली बांकी नदी के सिमटते हुए अस्तित्व पर चिंता जाहिर करते हुए,इसे संरक्षित करने पर जोर दिया है। इस पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने शासन स्तर पर हर संभव सहयोग देने का आश्वासन देते हुए प्रियवंदा सिंह जूदेव के पहल की सराहना की।

## फरसाबहार में प्रशासन की टीम ने रूकवाया बाल विवाह



**जशपुरनगर।** जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ग्राम फरसाबहार (नेगीटोली) में नाबालिग की शादी की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और शादी के दूसरे दिन मौके पर पहुंचकर बाल विवाह रुकवा दिया। संयुक्त टीम ने परिजनों को कानून की जानकारी दी, समझाइश दी और भविष्य में ऐसा नहीं करने की शपथ भी दिलाई। यह पूरी कार्रवाई कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय शर्मा के निर्देशन में की गई। प्रशासन की तत्परता से एक नाबालिग का भविष्य सुरक्षित हो सका। शनिवार 25 अप्रैल को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचना मिली कि फरसाबहार (नेगीटोली) में बाल विवाह कराया गया है। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन, आईसीपीएस, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना टीम तथा जीवन झरना संस्था की संयुक्त टीम तत्काल गांव पहुंची। मौके पर पहुंची टीम ने परिवार के सदस्यों, ग्रामीणों और संबंधित लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी।

### प्राइवेट स्कूलों को कलेक्टर ने दी चेतावनी

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने गुरुवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में गुरुवार को जिले के प्राइवेट स्कूलों का ब्लॉकवार समीक्षा बैठक किया। डॉ कन्नौजे ने सभी स्कूल संचालकों को निर्देश दिए कि प्राइवेट स्कूलों को ड्रेस, पुस्तक कॉपी खरीदने के लिए बंधनकारी नहीं होना चाहिए। बच्चों की स्कूल फीस और पुस्तक कॉपी का रेट नियमानुसार तय होनी चाहिए। बसों की फिटनेस ठीक करेंए ड्राइवर कंडक्टर के आपराधिक रिकार्ड का जांच करें। बस में केयर टेकर रखें। स्कूल के पास स्टॉपर बनाये। कलेक्टर ने स्कूल फीस नहीं जमा करने पर भी प्रवेश पत्र, मार्कशीट और टीसी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के योजनाओं का लाभ स्कूल में दें।

## महिला आरक्षण नहीं परिसीमन का विरोध कर रही है कांग्रेस : विद्यावती




**जशपुरनगर।** जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने से पहले पिछले दरवाजे से परिसीमन करने का भाजपा और उसके सहयोगी दलों के प्रयास का कांग्रेस विरोध कर रही है ना कि महिला आरक्षण का।

महिला आरक्षण बिल 2023 में संसद से पारित हो कर,राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद कानून बन चुका है। रायगढ़ जिले के लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र की विधायक विद्यावती सिदार ने उक्त बातें कहीं। वे जिला कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रही थी। उन्होनें कहा कि महिलाओं को शासन-प्रशासन में अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व देना कांग्रेस की प्राथमिकता रही है। देश को इंदिरा गांधी के रूप में पहली महिला प्रधानमंत्री कांग्रेस ने ही दिया है। इसके साथ मीरा कुमार के रूप में पहली लोकसभा अध्यक्ष,पहली महिला राजदूत विजय लक्ष्मी पंडित कांग्रेस ने ही दिया है। ऐसे में भाजपा और उसके सहयोगी दलों का आरोप पूरी तरह से बेमानी है। मिडिया के सवालों का जवाब देते हुए विधायक सिदार ने कहा कि हाल ही में लोकसभा में एनडीए द्वारा प्रस्तुत किया गया नारी शक्ति वंदन संशोधन विधायक पूरी तरह से पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में हो रहे चुनाव से प्रेरित था।

## सड़क हादसे में दो बाइक सवार की मौत, घरघोड़ा थाना क्षेत्र की घटना

**रायगढ़।** दो अलग-अलग हादसे में एक नाबालिग तो एक पूर्व सरपंच की मौत हो गई। नाबालिग की तेज रफ्तार बाइक बिजली खंभे से जहां टकरा गई। वहीं सड़क पर मवेशियों की लड़ाई मौत का कारण बन गई। घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटरीमाल में एक बाइक सवार नाबालिग अपनी मोटरसाइकिल पर नियंत्रण खो बैठा और उसकी बाइक खंभे से टकरा गई। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में सड़क पर लड़ रहे मवेशियों पूर्व सरपंच की बाइक टकरा गई, जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दोनों ही मामले में मर्ग कायम करते हुए कार्यवाही में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोटरीमाल में बाइक क्रमांक सीजी 13 जे 3324 में सवार नुराज राठिया 16 वर्ष काफी तेज रफ्तार से आ रहा था। इसी बीच नाबालिग बाइक से अपना नियंत्रण खो बैठा और बाइक सड़क किनारे स्थित खंभे से टकरा गई। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। हादसे के बाद आस-पास में मौजूद अन्य लोग भागते हुए वहां पहुंचे, लेकिन जब तक नाबालिग को अस्पताल ले जाया जाता उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं दूसरी ओर सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मर्ग कायम कर पंचनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की विस्तृत जांच जारी है। इसी तरह दूसरी घटना भी घरघोड़ा थाना क्षेत्र के कोटरीमाल के पास घटित हुई। जहां रायकेरा के पूर्व सरपंच मोमराज राठिया किसी काम से कहीं गए हुए थे और वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच कोटरीमाल के पास मुख्य मार्ग पर मवेशी आपस में लड़ाई कर रहे थे, सामने की ओर से आ रहे मोमराज की बाइक मवेशियों से टकरा गई और वे बाइक से गिर पड़े।

## कोमड़ो में फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन




**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय के समीप ग्राम पंचायत सारूडीह में आयोजित जिला स्तरीय फ्लड लाइट नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुक्रवार देर रात रंगारंग समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में प्रभाकर जिम 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगीबहर को हराकर खिताब अपने नाम किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि विक्रमादित्य सिंह जूदेव और जया सिंह जूदेव मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत सहित कई गणमान्य नागरिक, आयोजन समिति और बड़ी संख्या में दर्शक शामिल हुए। फाइनल मैच में सिंगीबहर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 8 विकेट पर 76 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रभाकर जिम 11 ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 9 ओवर में ही 77 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि के हाथों 1 लाख रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विक्रमादित्य सिंह जूदेव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए बेहतर तालमेल से काम कर रही हैं। खेलो इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है।



## स्व. शत्रुंजय स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट प्रारंभ

**जशपुरनगर।** स्व.शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का रणजीता स्टेडियम में 25 अप्रैल को विधायक रायमुनि भगत के मुख्य आतिथ्य में शानदार आगाज हुआ। जशपुर और आसपास के खेल प्रेमियों के लिए उत्साह और रोमांच से भरे इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों की कुल 40 टीमों ने अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की है।

इस टूर्नामेंट के प्रथम पुरस्कार की राशि 3 लाख 11 हजार रुपये और द्वितीय पुरस्कार की राशि 1 लाख 51हजार 111 रुपये रखी गई है। इस प्रतियोगिता में आगरा, भुवनेश्वर, कटक, रांची, अंबिकापुर और हजारीबाग सहित कई बड़े शहरों की दिग्गज टीमें हिस्सा लेने पहुंची हैं। मैदान पर होने वाली हर एक गेंद और चौके-छक्के का रोमांच दर्शक घर बैठे भी देख सकते हैं। पूरे टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण 'यंग तिरंगा' के आधिकारिक यूट्यूब पेज पर किया जा रहा है।

#### दर्शकों से भरा मैदान

पहले दिन के मैचों के साथ ही जशपुर का खेल मैदान दर्शकों की भारी भीड़ और उत्साह से गूंज उठा है। खेल विशेषज्ञों और आयोजकों का मानना है कि यह टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्र में खेल भावना को भी नया आयाम देगा।

### जशपुर के 1 लाख 54 हजार से अधिक महिलाओं को मिला योजना का लाभ

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से मिली मुक्ति



**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन के संकल्प के साथ प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र परिवार तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचे और उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन आए। इसी उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं।

जशपुर जिले में 1 लाख 54 हजार से अधिक महिलाओं को योजना का लाभ दिया गया है। इस योजना से महिलाओं को रसोई में धुएँ से मुक्ति मिल रही है तथा उनका जीवन अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बन रहा है। जशपुर जिले के विकासखंड बगीचा में हाल ही में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पात्र महिलाओं को गैस कनेक्शन वितरित किए गए।

इस अवसर पर लाभार्थियों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। विकासखंड बगीचा निवासी श्रीमती क्रांति यादव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों गैस सिलेंडर प्राप्त कर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि अब उन्हें पारंपरिक चूल्हे के धुएँ से छुटकारा मिलेगा। पहले रसोई में धुएं के कारण आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी होती थी, लेकिन अब गैस कनेक्शन मिलने से वे स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में आसानी से भोजन बना सकेंगी।

इसी प्रकार ग्राम मड़यि निवासी श्रीमती फूलमती नगेसिया ने बताया कि वे अब तक लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाती थीं। धुएँ के कारण घर का वातावरण खराब हो जाता था और उन्हें काफी असुविधा होती थी। निःशुल्क गैस कनेक्शन मिलने से अब खाना जल्दी और साफ-सुथरे तरीके से बन सकेगा। उन्होंने कहा कि यह योजना उनके लिए बहुत राहत लेकर आई है।

### मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों पर स्थानीय युवक के साथ लूट व मारपीट का आरोप

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पर्यावरण कार्यालय के समीप मेडिकल कॉलेज कुछ जूनियर डॉक्टरों पर बंगला पारा निवासी युवक ने गाली गलौज, मारपीट व लूटने का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत की है। यह घटना बीती रात की बताई जा रही है। हालांकि इस मामले से संबंधित जूनियर डॉक्टरों ने भी अपनी शिकायत थाने में दी है। ऐसे में दोनों पक्षों की शिकायतों पर पुलिस जांच कर रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए बंगलापारा निवासी सुदर्शन पाण्डेय पिता पुरूषोत्तम पाण्डेय ने बताया कि वह 25 अप्रैल की सुबह करीब 4 बजे अपने उसके एक दोस्त को छोड़ने के लिए जा रहा था, इसी बीच पर्यावरण विभाग के पास बुलेट सवार दो युवकों ने उसे रोकने का प्रयास किया। लेकिन वह नहीं रूका और आगे बढ़ गया। किंतु उक्त दोनों युवकों ने उसका पीछा किया और उसे रोक लिया। उक्त युवकों ने अपना नाम अनिल मीणा और देवेन्द्र चौरसिया बताया। जब सुदर्शन ने अपनी बाइक रोकी तब युवकों ने उसे अपने आप को डॉक्टर होने और नमस्ते करने के बाद ही यहां से जाने के लिए कहा, लेकिन सुदर्शन ने उन्हें इनकार कर दिया।

## खबर संक्षेप

### अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई नवापारा में 2 चैन माउंटेन जब्त

**जांजगीर-चांपा।** जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में खनिज विभाग की राज्य स्तरीय टीम एवं राजस्व विभाग,खनिज विभाग की जिला स्तरीय टीम ने संयुक्त रूप से ग्राम नवापारा में छापेमारी की। गत रात्रि लगभग 11 बजे की गई इस औचक कार्रवाई में अवैध उत्खनन में संलिप्त दो चैन माउंटेन मशीनों को जब्त किया गया। एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान ने बताया संयुक्त टीम द्वारा हसदेव नदी घाट का निरीक्षण किया जा रहा था, इसी दौरान अवैध रूप से रेत उत्खनन कर डंप किए जाने का मामला सामने आया। टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही उत्खनन में लगे लोगों ने दोनों मशीनों को पास के एक स्थानीय ग्रामीण की बाड़ी में छुपा दिया।निरीक्षण टीम ने मौके पर ही छापामार कार्रवाई कर दोनों मशीनों को जब्त कर लिया। जब्त की गई रेत को खनिज विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। कलेक्टर महोबे ने कहा कि जिले में अवैध रेत उत्खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बार-बार बिजली गुल की समस्या से मिली राहत

**तुस्मा।** राहौद क्षेत्र के बेलारी भांठा गांव में लंबे समय से कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर के कारण ग्रामीणों को बिजली संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। बार-बार बिजली गुल होने व लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण काफी समय से परेशानी से जूझ रहे थे। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया,लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा था। कुछ दिन पूर्व भीम रेजिमेंट के संभाग अध्यक्ष दीपक मनहर अपने साथियों के साथ बिजली ऑफिस पहुंचे। उन्होंने गांव में लगे कम भार वाले ट्रांसफार्मर को बदलकर अधिक क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। इस पर बिजली विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर आशीष लहरें ने त्वरित कार्रवाई की। विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर पुराने कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर को हटाया और उसकी जगह अधिक भार वहन क्षमता वाला नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया। ट्रांसफार्मर लगने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

### खड़े ट्रकों से चोरों ने पार किया टायर और बैटरी



**अकलतरा।** नगर के बलौदा मुख्य मार्ग पर खाटू श्याम मंदिर के पास पर खड़े दो ट्रकों को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए कीमती टायर और बैटरियां पार कर दीं। घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रहसबेड़ा निवासी ट्रक मालिक राज मोहन भारद्वाज ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके दो ट्रक क्रमांक सीजी 10 डीए 2248 एवं सीजी 10 बीएस 5851 खाटू श्याम मंदिर के पास खड़ा था। 24 अप्रैल की रात जब वे पेपर बनवाने गए तब गाड़ियां सुरक्षित थीं। लेकिन 25 अप्रैल की सुबह 4 बजे जब वे वापस लौटे, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। चोरों ने दोनों ट्रकों के दरवाजे खोलकर चार नग बैटरी और दो नग रियर टायर चोरी कर लिए थे। हैरानी की बात यह है कि चोरी किया गया सामान घटनास्थल से मात्र 200 मीटर की दूरी पर रास्ते में बरामद हुआ, जिससे यह स्पष्ट होता है कि चोरों को पुलिसिया कार्रवाई का कोई भय नहीं है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहर में पुलिस गश्त नाममात्र की रह गई है। आए दिन हो रही इन छोटी-बड़ी वारदातों से स्पष्ट है कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। जनता की मांग है कि नगर में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए और सीसीटीवी कैमरों के जरिए संदिग्धों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए। बता दें कि सीसीटीवी फुटेज पर यह दिख रहा है रात तकरीबन 3 बजे बजे चोर पिकअप में चोरी का सामान चढ़ा रहे थे कोई गाड़ी वहां से गुजरती देखी तो समान छोड़ कर फरार हो गए।

### गोबरसिंहा, साल्हेओना, मानिकपुर बड़े, विश्वासपुर, बरगांव में दी सौगात

# वित्त मंत्री ने किया लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन




वित्तमंत्री को पौधा भेंट करते जनप्रतिनिधि और उपस्थित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र में शामिल बरमेकला ब्लॉक के कई गांवों में विकास कार्यों की सौगात दी। इस दौरान वित्त मंत्री ने एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का जहां लोकार्पण किया। वहीं कुछ विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जब तक मेरी सांस चलती रहेगी। मैं विकास के लिए कार्य करुंगा चाहे इसके लिए मुझे जीतना भी मेहनत क्यों न करना पड़े, मैं पीछे नहीं हटूंगा। आप लोग के आशीर्वाद ही मुझे विकास कार्य करने में ताकत देती है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दौरे में शामिल गोबरसिंहा, साल्हेओना मानिकपुर बड़े, विश्वासपुर, बरगांव सभी गावों में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर विभिन्न कार्यों के लोकार्पण किया। किसानों द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी को सरसों से तौला गया। साथ ही केला से भी तौला गया। विकास कार्यों में जिला खनिज संस्थान न्यास योजनांतर्गत स्वीकृत सीसी रोड़ निर्माण कार्य फुरसो घर से लक्ष्मीनारायण घर तक स्वीकृत राशि 10 लाख का लोकार्पण, नाली निर्माण कार्य बाजार परिसर में स्वीकृत राशि 10 लाख गौण खनिज मद योगनांतर्गत स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य बाजार परिसर में स्वीकृत राशि 13 लाख, गौण खनिज मद योगनांतर्गत स्वीकृत बाजार परिसर में रोड का मरम्मत जीर्णोद्धार कार्य स्वीकृत राशि 5 लाख लोकार्पण, मनरेगा योगनांतर्गत स्वीकृत समुदाय के लिए चेक डेम निर्माण कार्य कटंगी नाला में स्वीकृत राशि 14.46 लाख, जिला खनिज संस्थान न्यास योजनांतर्गत स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य बीच बस्ती बाजार परिसर में स्वीकृत राशि 10 लाख लोकार्पण साथ ही साल्हेओना में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र सीएससी भवन निर्माण कार्य 5 लाख, शेड निर्माण 10 लाख, विश्वासपुर में सांस्कृतिक मंच निर्माण 3 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 15 लाख शामिल है। वित्त मंत्री ने मानिकपुर बड़े सहित इन सभी गांवों में दस दस लाख रूपए के कार्यों को स्वीकृत करने की घोषणा की, वहीं विश्वासपुर राधा माधव मंदिर में 20 लाख के कार्य की स्वीकृति की घोषणा की।

## ज्ञान भारतम अभियान से सहेजी जाएगी पांडुलिपि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर ने कहा कि ज्ञान भारतम अभियान राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के तहत देश की अमूल्य पांडुलिपियों के संरक्षण और दस्तावेजीकरण के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखना है। कलेक्टर ने नागरिकों से कागज, लकड़ी, पत्थर, ताम्रपत्र में हस्तलिखित लिपियों की जानकारी देने का आह्वान किया है। डॉं संजय ने कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा, संस्कृति, विज्ञान और दर्शन को संजोए रखने वाली पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए केंद्र सरकार द्वारा यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत न केवल पांडुलिपियों के सर्वेक्षण और दस्तावेजी करण किया जा रहा है, बल्कि उन्हें आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाने का भी लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के तहत ज्ञान भारतम्‌ मोबाइल ऐप विकसित किया गया है, जिसमें उपलब्ध पांडुलिपियों की तस्वीरें अपलोड करना अनिवार्य किया गया है ताकि उनका डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा सके। जिले में इस अभियान को गति देने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

■ नागरिकों से कागज, लकड़ी, पत्थर, ताम्रपत्र में हस्तलिखित लिपियों की दे सकते हैं जानकारी

पिछले दिनों कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बिहारी लाल साहू से उनके निवास चांटीपाली में मुलाकात कर पांडुलिपि संरक्षण पर विस्तृत चर्चा किया गया था। कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से गांवों शहरों में छिपी दुर्लभ पांडुलिपियों की पहचान कर उन्हें संरक्षित करने में महत्वपूर्ण सफलता मिलने की उम्मीद है।

## प्रशिक्षण महाभियान में शामिल हुए जिलाध्यक्ष



**रायगढ़।** रायपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की प्रांतीय कार्यशाला में जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान, महामंत्री विकास केडिया मौजूद रहे। अध्यक्ष दीवान ने कहा यह कार्यशाला संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और राष्ट्रसेवा के संकल्प को और सुदृढ़ करने के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रही।

## नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगाया, आरोपी गिरफ्तार



**चंद्रपुर।** चंद्रपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। करीब 40 दिनों की तलाश के बाद पीड़िता को सकुशल बरामद कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

पुलिस नें बताया कि प्रार्थी ने 16 मार्च को चंद्रपुर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री 14 मार्च की सुबह करीब साढ़े 8 बजे हिंदी विषय का पेपर देने के लिए घर से निकली थी, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी। परिजनों द्वारा रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। इसके बाद अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। चंद्रपुर पुलिस ने जांच शुरू की और लगातार अपहृता एवं संदिग्धों की तलाश में जुटी रही। इसी दौरान 23 अप्रैल को पुलिस को सफलता मिली और नाबालिग को आरोपी विनायक ठाकूर के कब्जे से दस्तयाब किया गया। वही महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पीड़िता का बयान धारा 180 बीएनएसएस के तहत दर्ज किया गया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि आरोपी उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और शादी का प्रलोभन देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जांच में आरोप प्रमाणित होने पर आरोपी विनायक ठाकूर पिता रामू ठाकूर 20 के खिलाफ धारा 137(2) 64(2) ड बीएनएस 2023 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 06 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। वही पुलिस ने 24 अप्रैल को आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### दीपक बने जिला सह संयोजक



**घरघोड़ा।** भारतीय जनता पार्टी ने किसानों के बीच अपनी पकड़ को और मजबूत करने के उद्देश्य से सहकारिता प्रकोष्ठ में नई नियुक्ति करते हुए युवा व्यवसायी दीपक अग्रवाल को जिला सह संयोजक के पद पर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति को संगठन की ग्रामीण और कृषि क्षेत्र में बढ़ती सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है। दीपक बचपन से ही भाजपा विचारधारा से जुड़े रहे हैं और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा लगातार बनी रही है। उनकी सक्रियता और समर्पण को देखते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरुणधर दीवान की अनुशंसा पर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद माना जा रहा है कि दीपक अग्रवाल सहकारिता, विपणन और कृषि से जुड़े मुद्दों में जनता और प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेंगे।

# गर्भवती माताओं के मन में न हो भय इसलिए कराया गया लेबर रुम का भ्रमण

■ 421 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच, दी गई परामर्श



**रायगढ़।** बीते 24 अप्रैल को जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।

यह अभियान प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को संचालित किया जाता है, जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को लेबर रूम एवं ऑपरेशन थियेटर का भ्रमण कराया गया, ताकि प्रसव को लेकर उनके मन में मौजूद भय और तनाव को कम किया जा सके तथा उन्हें सुरक्षित प्रसव के लिए मानसिक रूप से तैयार किया जा सके। गर्भवती एवं शिशुवती महिलाएं इस अभियान का सुरक्षित मातृत्व लाभ उठा सकते हैं। साथ ही नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित पोषण एवं संस्थागत प्रसव को अपनाने के लिए जागरूक किया गया। अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक अल्पाहार उपलब्ध कराते हुए उनकी विस्तृत स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श किया गया। स्वास्थ्य शिविरों में हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकल सेलए मलेरिया, एचआईवी, वजन एवं ऊंचाई सहित आवश्यक सभी जांचें की गईं। साथ ही आयरन एवं कैल्शियम टैबलेट का वितरण कर महिला चिकित्सकों द्वारा व्यक्तिगत स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण संबंधी विशेष काउंसलिंग भी दी गई। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें निजी एवं शासकीय सोनोग्राफी केंद्रों में निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तत्काल स्वास्थ्यकर्मियों से संपर्क कर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या आंगनबाड़ी में पहुंचने की सलाह दी गई। अभियान के तहत 24 अप्रैल को जिले में 421 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई। इनमें सिविल अस्पताल खरसिया में 24, लोईंग विकासखंड में 36, पुसौर में 60, चपले में 62, तमनार में 37, धरमजयगढ़ में 124, लैलूंगा में 52 तथा घरघोड़ा में 50 गर्भवती महिलाओं की जांच कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

### सुशासन तिहार के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**सक्ती।** जन शिकायतों के समय पर निराकरण के लिए शासन द्वारा 1 मई से 10जून तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा। इसे देखते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारी व कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य शासन की प्राथमिकताओं में जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। आमजन को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना सुशासन का मूल आधार है। विदित हो कि गत वर्ष "सुशासन तिहार" का सफल आयोजन किया गया था, जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए। इसी क्रम में इस वर्ष भी शासन द्वारा "सुशासन तिहार 2026" का आयोजन 1 मई से 10 जून तक किए जाने का निर्णय लिया गया है।

# नगर पंचायत में जनगणना का दिया गया प्रशिक्षण



**घरघोड़ा।** राष्ट्रीय जनगणना 2027 के अंतर्गत घरघोड़ा सह तमनार नगर पंचायत के जनगणना कार्य मे संलग्न प्रगणक एवं सुपरवाइजर पद पर नियुक्त कर्मचारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण तहसील मुख्यालय घरघोड़ा मे सम्पन्न हुआ।

जिसके अन्तर्गत नागरिकों के मुलभुत सुविधाओं से युक्त 33 प्रकार की जानकारी एकत्र की जाएगी जो भविष्य मे राष्ट्रीय विकास संरचना के लिए आवश्यक साबित होगी। प्रशिक्षण के तीसरे दिवस पर राष्ट्रीय जनगणना 2027 को सफल बनाने एवं प्राप्त प्रशिक्षण को सफल क्रियान्वयन करने हेतु संलग्न कर्मचारियों के साथ मास्टर ट्रेनर्स मे भी उत्साहपूर्वक भावना रही वे भी प्रगणक सुपरवाइजर के साथ रहे एवं जानकारी एकत्रित करने एवं उसको घर घर जाकर जानकारी एकत्र करने में प्रोत्साहित करते दिखे। राष्ट्रीय जनगणना 2027 को सफल बनाने के लिए क्षेत्र वार प्रगणकों सुपरवाइजर हेतु चिन्हांकित कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी है। जनगणना गाँव कस्बा वार्ड स्तर पर प्राथमिक आँकडो का सबसे बड़ा स्त्रोत है । यह जनगणना 2027 भारत की पहली ऐसी जनगणना होगी जिसमें जनगणना आंकड़ों का संग्रहण डिजिटल उपकरणों के माध्यम से होगी। जनगणना के प्रथम चरण एक मई से मकान सुचिकरण एवं मकानों की गणना होगी।

## महिला आरक्षण पर सियासी संग्राम तेज कांग्रेस ने की तुरंत लागू करने की मांग



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता में कांग्रेस की पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश ने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण बिल को लेकर प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक लगातार जनता को गुमराह कर रहे हैं।

कांग्रेस का कहना है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 संसद के दोनों सदनों से पारित होकर कानून बन चुका है और राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल चुकी है, इसके बावजूद सरकार इसे लागू करने में देरी कर रही है। पार्टी ने सवाल उठाया कि यदि सरकार वास्तव में महिला सशक्तिकरण के पक्ष में हैए तो वर्तमान सीटों पर ही 33 प्रतिशत आरक्षण तुरंत क्यों नहीं दिया जा रहा। बीजेपी महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़कर लागू करने की बात कर रही हैए जबकि संशोधन के जरिए इसे तुरंत लागू किया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी की मंशा महिला आरक्षण लागू करने की नहीं, बल्कि सीटों के परिसीमन के जरिए राजनीतिक लाभ लेने की है। पत्रकारवार्ता में यह भी कहा गया कि 16 अप्रैल 2026 को संसद में लाया गया 131वां संविधान संशोधन विधेयक महिला आरक्षण से सीधे तौर पर जुड़ा नहीं थाए बल्कि उसमें लोकसभा सीटों को 850 तक बढ़ाने और परिसीमन का प्रस्ताव शामिल था। कांग्रेस का दावा है कि विपक्ष की एकजुटता के कारण यह प्रयास सफल नहीं हो सका। कांग्रेस ने अपने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं को आरक्षण दिलाने की शुरुआत कांग्रेस सरकारों ने की थी। 1989 में राजीव गांधी ने इस दिशा में पहल की थी, जिसे बाद में 1993 में पीवी नरसिम्हा राव की सरकार ने लागू किया। इसके अलावा संसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण के लिए 2010 में मनमोहन सिंह सरकार ने भी प्रयास किया था। कांग्रेस का दावा है कि आज देशभर में लाखों महिला जनप्रतिनिधि कांग्रेस की नीतियों का ही परिणाम हैं। पार्टी ने बीजेपी पर आरोप लगाया कि वह महिला आरक्षण के नाम पर पूरे देश में भ्रम फैला रही है। कांग्रेस ने मांग की कि आगामी जनगणना और परिसीमन का इंतजार किए बिना महिला आरक्षण को तुरंत लागू किया जाए, ताकि महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक भागीदारी मिल सके।

## गहराया जल संकट, नहर का पानी खोलकर तालाब भरने की कवायद शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के वार्ड क्रमांक 20 में लगातार गिरते जलस्तर के कारण पेयजल एवं निस्तारी संकट गहरा गया है। क्षेत्र के तालाब सूखने लगे हैं, जिससे आसपास के कई बोर सूख गए हैं और वार्डवीडियो को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वार्ड पार्षद राज कुमार सिंह नहर से तालाब में पानी भरने के लिए वार्ड वासियों के साथ नहर विभाग कार्यालय पहुंचे एवं अधिकारियों के साथ-साथ दूरभाष के माध्यम से एसडीओ से संपर्क कर क्षेत्र में लगभग 1500 की आबादी वाले मोहल्ले में सूखे बोर और जल संकट की जानकारी दी गई। जानकारी मिलने पर विभाग के अधिकारी अरविंद जैन मौके पर पहुंचे। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ द्वारा तत्काल नहर का पानी तालाब भरने के लिए छोड़ने के निर्देश दिए गए। वार्ड वासी हरप्रसाद केवट, मेलाराम बंजारे, सोनू यादव एवं कपिल बंजारे सहित अन्य लोगों ने श्रमदान कर कार्य को पूर्ण कराया। वार्ड वासियों ने पार्षद एवं प्रशासन की त्वरित पहल की सराहना करते हुए जल्द राहत मिलने की उम्मीद जताई है।

■ वार्डवासियों को परेशानी का करना पड़ रहा था सामना

